प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगो आदित्यनाथ ने आज दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथपंथ पर दो दिवसीय अंतर्राष्टोय संगोष्ठी को किया संबोधित।
2. मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के खाली पदों को तत्काल भरने का दिया निर्देश : कहा– आवश्यकतानुसार नये पद भी किये जाएं सृजित।
3. रेलवे भर्ती बोर्ड ने 8 हज़ार 113 पदों पर निकाली भर्ती : 13 अक्टूबर तक भर जा सकते हैं आवेदन।
4. मेरठ में तीन मंजिला मकान गिरा, 8 से ज्यादा लोग मलबे में दबे : राहत और बाचव कार्य जारी।

और

5. बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने से गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा नदी अलग–अलग स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचो: 11 जनपदों में बाढ़ जैसे हालात।

———————

मुख्यमंत्री योगो आदित्यनाथ ने आज दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में समरस समाज के निर्माण में नाथ पंथ का अवदान विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नाथपंथ के इतिहास पर डॉ. पद्मजा सिंह की किताब का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथ पंथ

को परंपरा ने जाति, मत, मजहब और भाषा का कभी अनादर नहीं किया और सब को जोड़ने व सम्मान देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी भाषा स्वयं की नहीं है, तो वह हमारी प्रगति को बाधित करेगी। बाइट...

*अगर हमारे भाव हमारी भाषा ही हमारे स्वयं की नहीं है, तो वो हमारी प्रगति को हर स्तर पर बाधित करेगी। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश के अंदर आयी सरकार ने देश को जोड़ने के लिये हिन्दी को जिस रूप में व्यवहारिक भाषा के रूप में देश के अन्दर और दुनिया के सामने प्रस्तुत किया वह अभिनंदनीय है और मुझे लगता है कि इस दिशा में नये प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। मिल करके संस्थाओं को आगे बढ़ करके इस अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आज इसका परिणाम है कि मेडिकल और इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम भी अब हिन्दी में आपको दिखाई दे रहे होंगे।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार और लिपिक संवर्ग के सभी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। लखनऊ स्थित आवास पर कल एक उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए कुशल युवाओं की तैनाती की जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर नामांकन, पैमाइश, घरौनी और खतौनी जैसे महत्वपूर्ण

प्रकरणों का समय से निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाए, बल्कि आवश्यकतानुसार नये पद सृजित भी किये जाएं।

————————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज वाराणसी में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय आजीविका समागम के अंतिम सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। इस मौके पर श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए आजीविका के लिए आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के समूह की दीदियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों के उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए ताकि वे 2025 के कुम्भ मेले के लिए तैयार हो सकें और उन्हें एक वृहद मार्केट मिल सके।

————————

रेलवे भर्ती बोर्ड ने 8 हज़ार 113 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार आज 14 सितंबर 2024 से आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इन पदों के लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिनकी उम्र 18 से लेकर

36 वर्ष तक है। आवेदक का स्नातक होना आवश्यक है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर 2024 है।

—————————

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सत्र 2024–25 के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधन किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख बीस सितम्बर दो हजार चौबीस हो गई है। पच्चीस सितम्बर की रात बारह बजे तक ऑनलाइन शैक्षिक विवरण अपलोड किये जा सकते हैं। छब्बीस से तीस सितम्बर तक विवरण की जांच की जायेगी। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर एक से पांच अक्टूबर तक संशोधन किया जा सकेगा। परिषद ने कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के संस्थागत अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क और ऑनलाइन पंजीकरण की तिथियों में बदलाव किया है। अब यह विद्यार्थी भी बीस सितम्बर को रात बारह बजे तक अग्रिम पंजीकरण शुल्क जमा कर के अपना विवरण ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं।

—————————

गौतमबुद्धनगर में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश के पारंपरिक उद्यमियों के लिए वैश्विक महाकुंभ साबित होगा। इस क्रम में वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी मंडलों

के 270 से अधिक स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों के उद्यमियों ने विभिन्न श्रेणियों में अब तक रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआइआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मेरठ के थाना लोहिया नगर क्षेत्र के जाकिर कालोनी में एक तीन मंजिला मकान गिरने से 8 से ज्यादा लोग और कई पशु मलबे में दब गये। एसएसपी विपिन टाडा ने बताया कि अब तक दो लोगों को बाहर निकाला गया है। बचाव और राहत कार्य जारी है। बाइट.....

*तीन मंजिला मकान है, अभी भर भराके गिर पड़ा है और इसके कुछ 8–10 लोग होने की संभावना आसपास के लोग जता रहे है, दो लोगों को बचाया भी गया है ओर यहां पर रेस्क्यू टीमें लगी हैफायर की टीम है ओर साथ में जो पुलिस है स्थानीय लोग भी लगी है। प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद है और प्रयास यही है कि जल्द से जल्द जो भी अंदर है उनको निकाला जाये अभी तक कोई कंफर्म कैजूलिटी इसमें नहीं आई है और इसको लगातार जो रेस्क्यू ऑपरेशन है जारी है।*

———————

पिछल कई दिनों से हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा नदी अलग–अलग स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई हैं। वहीं फर्रुखाबाद में गंगा नदी, लखीमपुर में शारदा और बलरामपुर में राप्ती नदी खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे है। इसके अलावा बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने से अमरोहा में गंगा नदी उफान पर है। अमरोहा में आज कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित रहा। प्रदेश के 11 जनपदों में बाढ़ जैसे हालात हैं। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर बनाये हुए है। उधर, प्रयागराज में गंगा–यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार रात बड़े हनुमान मंदिर परिसर में गंगा जल का प्रवेश हो गया। लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण कछारी इलाकों में निवास करने वालो की परेशानी बढ़ गई है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*गंगा–यमुना का जलस्तर बढ़ने से संगम क्षेत्र लबालब हो गया है। जलस्तर बढ़ने के कारण बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर और नए घाटों का कार्य रोक दिया गया है। इसके अलावा सलोरी और राजापुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित पानी की निकासी रोक दी गई है। बीती रात लगभग 10 बजे इस साल दूसरी बार गंगानदी का जल बड़े हनुमान मंदिर में प्रवेश कर गया। सिंचाई विभाग की ओर जारी आंकड़े के मुताबिक आज सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक गंगा डेढ़ सेमी और यमुना 25 सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही थीं। संगम सहित अन्य घाटों पर जल स्तर बढ़ने से देश के कोने–कोने से आने वाले शद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ी हैं। संगम क्षेत्र पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को बांध पर ही स्नान करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं सुरक्षा के मद्देनजर नजर गंगा के सभी घाटों पर जल पुलिस की कंपनियां तैनात कर दी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

———————

आज हिंदी दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ उन्चास में आज ही के दिन भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की औपचारिक भाषा का दर्जा दिया था। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग अलग कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदी दिवस की बधाई दी है। लखनऊ स्थित हिंदी संस्थान में आज एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पीलीभीत में आयोजित गोष्ठी में हिन्दी को वैज्ञानिक भाषा बताया गया। मथुरा में काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। अमरोहा में आज विश्व हिंदी मंच के हिन्दी महोत्सव में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।इस मौके पर केरल के राज्यपाल ने हिन्दी विश्व यात्रा और मैं पुस्तक का विमोचन किया और कई हिन्दी साहित्यकारों को सम्मानित किया। अपने संबोधन मे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अभिव्यक्ति के लिए भाषा महत्वपूर्ण होती है और हिन्दी भाषा बोलने वालों की तादाद अत्यधिक है। ऐसे में हिन्दी के महत्व को आसानी से समझा जा सकता है।

———————

वन और पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार ने आज बरेली में कहा कि प्रदेश में अलग–अलग शहरों मे जिस तरह से वन्यजीवों के हमलों के मामले सामने आ रहे हैं उनको

लेकर सरकार संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बहराइच में घूम रहे भेड़िये और मुरादाबाद में तेंदुए को जल्द ही पकड़ा जायेगा।

————————

चेन्नई में चल रही चौथी एशियन एथलेटिक्स जूनियर एथलेटिक्स चंपियनशिप में अलीगढ़ की नीरू पाठक ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर रही नीरू अब 200 मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी।

————————

प्रदेश के सभी जनपदों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें दीवानी, आपराधिक और राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। मऊ में लोक अदालत में चौवालीस हजार चौरासी, जौनपुर में सैंतीस हजार दो सौ इक्यावन और सुल्तानपुर में चौवालीस हजार आठ मामलों का निस्तारण किया गया।

(समाप्त)